कार्यालय :–जिला शिक्षा पदाधिकारी,पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी।
(समग्र शिक्षा अभियान)
कचहरी चौक, अम्बेदकर भवन, मोतिहारी–845401

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

Phone No – 06252-239249, Fax No – 06252-239589, Email Id –bepeastchamparan@gmail.com

पत्रांक.BEP/SSA/.K.G.B.V./172

प्रेषकः

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
प्रा0 शि0 एवं समग्र शिक्षा
पूर्वी चम्पारण मोतिहारी।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,
बिहार, पटना।

मोतिहारी, दिनांक 14.1.25

विषय :– विज्ञापन प्रकाशन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अंकित करना है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत कुल 27 प्रखण्डों में संचालित 30 कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय में आवासीय संचालन व्यवस्था को सुचारू रखने हेतु मुख्य खाद्य सामग्री, दैनिक उपयोग की सामग्री, पोशाक, छात्रावास रख रखाव हेतु सामग्री एवं लेखन सामग्री के क्रय हेतु के0जी0बी0भी0 वार (प्रखंडवार) एवं पैकेजवार निविदा आमंत्रित की गयी थी, जिसके आलोक में दिनांक 07.01.2025, 09.01.2025 एवं दिनांक 10.01.2025 को सभी निविदादाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत किये गये प्रतिनिधि के उपस्थिति में समिति के समक्ष तकनीकी निविदा खोला गया।

उक्त के संबंध में आपत्ति प्राप्त करने हेतु सूचना प्रकाशन (प्रेस विज्ञप्ति) आवश्यक है।

अतः अनुरोध है कि दैनिक प्रकाशित होने वाले किन्ही दो प्रमुख समाचार पत्रों में न्यूनतम आकार में यथाशीध्र सूचना प्रकाशित करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
प्रा0 शि0 एवं समग्र शिक्षा
पूर्वी चम्पारण मोतिहारी।

शिक्षा विभाग

कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण

(प्रारम्भिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा)

अम्बेडकर भवन, कचहरी चौक, पूर्वी चम्पारण।

E-mail-bepeastchamparan@gmail.com

–: प्रेस विज्ञप्ति :–

कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण से संबंधित आपत्ति प्राप्ति हेतु सूचना

पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में सामग्रियों के क्रय हेतु निविदा अन्तर्गत कुल–27 प्रखंडों में संचालित 30 के0जी0बी0भी0 (टाईप–1, टाईप–3 एवं टाईप–4) में अध्ययनरत छात्राओं के लिए (1) भोजन की मुख्य सामग्री (2) लेखन सामग्री (3) दैनिक उपयोग की सामग्री (4) पोशाक की आपूर्ति (5) फर्नीचर सामग्री (6) इलेक्ट्रानिकस की आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्त्ता/दुकानदारों से मुहर बंद लिफाफे में निविदा के माध्यम से जिला स्तर पर निविदा आमंत्रित की गयी थी, जिसके आलोक में दिनांक 07.01.2025, 09.01.2025 एवं दिनांक 10. 01.2025 को आप सभी निविदादाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत किये गये प्रतिनिधि की उपस्थिति में समिति के समक्ष तकनीकी निविदा खोला गया।

उक्त के संबंध में यदि किसी निवदादाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत किये गये प्रतिनिधि को यदि कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन के तिथि के अतिरिक्त तीन कार्य दिवस के अन्दर अपना आपत्ति, बिहार शिक्षा परियोजना, पूर्वी चम्पारण कार्यालय में जमा कर सकते है।

सचिव–सह–	सदस्य–सह–	अध्यक्ष–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,	जिला शिक्षा पदाधिकारी	उप विकास आयुक्त
समग्र शिक्षा, पूर्वी चम्पारण।	पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी।	पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी।